राँची के सांसद ने ग्रामीण छात्रों के लिये शुरू किया कंप्यूटर बैंक

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राँची के बीजेपी सांसद संजय सेठ ने ग्रामीण छात्रों को कंप्यूटर साक्षर बनाने के लिये बुक बैंक की तर्ज़ पर कंप्यूटर बैंक शुरू किया है।

प्रमुख बिंदु

- सांसद ने कहा कि वह पुराने कंप्यूटर और लैपटॉप इकट्ठा कर रहे हैं, जिनका लोग इस्तेमाल नहीं करते हैं। एकत्र किये गए अप्रयुक्त कंप्यूटर और लैपटॉप ग्रामीण छात्रों को उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे भी कंप्यूटर साक्षर हो सकें।
- उन्होंने कहा कि महामारी के समय में जब अधिकांश शिक्षण संस्थान बंद हैं और शिक्षा के ऑनलाइन मोड में चले गए हैं, ऐसे में छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिये ये कंप्यूटर बहुत मददगार होंगे।
- यह लैपटॉप ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे स्कूलों को दिया जाएगा, जहाँ बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा ले रहे हैं, लेकिन उनके पास कंप्यूटर नहीं है। सांसद ने समाज के सभी वर्गों के लोगों से इन प्रयासों में मदद करने का आग्रह किया है।
- उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के उन्नयन से लोग पुराने कंप्यूटरों का उपयोग नहीं कर रहे हैं। ये कंप्यूटर जो कार्यात्मक हैं, लेकिन उपयोग में नहीं हैं, ऐसे छात्रों के लिये बहुत उपयोगी हो सकते हैं, जो कंप्यूटर सीखने में रुचि रखते हैं।
- उल्लेखनीय है कि कंप्यूटर बैंक के शुभारंभ से कुछ महीने पहले ही सांसद ने अरगोड़ा में अपने कार्यालय में ग्रामीण वंचित छात्रों के लिये एक बुक बैंक लॉन्च किया था। बुक बैंक में राँची और उसके आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से दान की गई विभिन्न विषयों की किताबें हैं, जिनमें ज़्यादातर स्कूल और इंटरमीडिएट स्तर की किताबें हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ranchi-mp-started-computer-bank-for-rural-students